
प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 65 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी गुरूवार 09 नवंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# भाजपा सरकार ने आदिवासी समाज के विकास, विरासत एवं संस्कृति को आगे बढाने का कार्य किया - मुनमुन

## भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन का ग्रामीण क्षेत्रों मे सघन जनसंपर्क अभियान जारी



सिवनी यशोः- भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हमेशा आदिवासी समाज का स मान बढ़ाया है आदिवासी समाज की महिला को राष्ट्रपति बनाया। साथ ही हमेशा आदिवासी समाज के हित और कल्याण के लिए काम किया। उनकी विरासत, विकास और संस्कृति को आगे बढ़ने का काम किया। यह बात सिवनी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने चमारी मंडल में चुनावी जनसंपर्क के दौरान आमजनों से कहीं। भाजपा प्रत्याशी श्री दिनेश राय मुनमुन ने आज प्रातः 09:00 बजे भाजपा मंडल चमारी के अंतर्गत आने वाले ग्राम घुनई से जनसंपर्क अभियान आरंभ कर देवगांव, मटामा, नयेगांव, सूखामाल, ऊंटेकटा, ईमलीपठार, चमारी कलां, चमारी खुर्द, नांदियाकलां, इमलिया, कमली, तेंदनी, बडपानी, भरगा, लाठगांव, ढोंडा , सर्रा, झिरी, बे सी, पहाडी, जोगीवाडा, दरबई, देवरीकलां, छिंदवाह, पौंडी, गुंदरई, नवलगांव, डांगावानी, खटकर, लुडगी, सागर, अंधियारी, पिंडरई एवं ग्राम बंजर मे सघंन जनसंपर्क कर मतदाताओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी श्री दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आदिवासी समाज से झूठ बोलकर उनका फायदा लिया और उन्हें गुमराह कर हमेशा सत्ता हासिल करने का काम किया है। इसलिए उन्होंने आव्हान किया कि आदिवासी समाज कांग्रेस के बहकावे में ना आए और भाजपा के पक्ष में अपना जनसमर्थन देकर आदिवासी समाज, किसान, मातृशक्ति और गरीबो के हितो के संरक्षण को सुरक्षित करें। दिनेश राय मुनमुन ने आगे कहा कि यशस्वी मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के आदिवासी वर्ग को पेसा ऐ ट के माध्यम से जल, जंगल, जमीन का अधिकार प्रदान किया। केन्द्र की मोदी सरकार ने मु त राशन की व्यवस्था कर कोरोना महामारी के संकट से हर गरीब को मदद पहुंचाने का काम किया। गरीबों के सपनों को पूरा करने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हर गांव में प्रधानमंत्री आवास बनाकर उन्हें पक्के घर में रहने का अधिकार दिया। दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परिवार, समाज से लेकर देश के भविष्य को सुरक्षित एवं उज्जवल बनाने के लिए दिन.रात काम कर रहे हैं। बहनों का स मान करने के लिए प्रदेश में भाजपा सरकार ने लाडली बहन योजना शुरू की माता बहनों का स मान देश में शास्त्रों की दृष्टि से हमेशा होता रहा है लेकिन सरकार की दृष्टि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने पहली बार योजनाओं के माध्यम सें माता, बहनों का स मान सबसे बड़ी प्राथमिकता के रूप में रखा है। गांव के पढ़ने वाले बच्चे ज्यादा से ज्यादा डॉ टर बने इसके लिए प्रधानमंत्री ने हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की अवधारणा तय की है सिवनी जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापना से सबको स्वास्थ्य लाभ मिल सकेगा। आयुष्मान भारत की योजना संकट में संजीवनी की तरह काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बैगा सहरिया समाज के लिए अलग से योजना बनाई गई है। देश के जनजाति समाज के स मान के लिए 15 नवंबर को जनजाति गौरव स्वाभिमान दिवस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषित किया है। जनसंपर्क अभियान के दौरान जहां बहनों द्वारा भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन का कलश लेकर आगवानी की गयी। तों वही युवाओं द्वारा बाजे गाजे के साथ फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों, जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं, समर्थकों सहित बडी सं या मे ग्रामीण बंधुओं की उपस्थिति रही।

## महिलाओं ने नगर में किया जनसंपर्क- कहा भाजपा महिलाओं को स मान देती है



सिवनी यशोः- भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं को स मान और आर्थिक संपन्नता प्रदान करने के लिये मातृशक्ति कल्याण की अनेक योजनाएँ बनायी है और इन योजनाओं का हर वर्ग की महिलाएँ को लाभ प्राप्त हो रहा है । प्रदेश की शिवराज सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक घर में पहुँच रहा है । प्रदेश और देश में भाजपा की सरकार महिलाओं के हित में है केवल इस बार ही नहीं हर बार भाजपा सरकार को लाने के लिये हमारे प्रयास रहेंगे। प्रकार की बात सिवनी नगर में भाजपा महिला मोर्चा एवं भाजपा नेत्रियों ने आज सिवनी नगर के विभिन्न वार्डो में जनसंपर्क करते हुये भाजपा के प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन के लिये समर्थन मांगा । मातृशक्ति ने बड़े उत्साह के साथ नगर के वार्डो में जनसंपर्क किया और कहा कि यह चुनाव महिलाओं को स मान देने वाली पार्टी के समर्थन के लिये तो है ही इसके साथ ही देश की तरक्की और सनातन की भावनाओं का स मान करने वाली पार्टी को मजबूत करने के लिये महत्वपूर्ण है ।

भाजपा के समर्थन में जनसंपर्क के लिये नगर में निकली महिलाओं ने घर घर जाकर बताया कि प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नारी स मान को अपने 20 वर्षीय कार्यकाल में जो कार्य किये है उसकी कांग्रेस पार्टी से उ मीद नहीं की जा सकती । लाड़ली लक्ष्मी योजना, बेटियों को स्कूल जाने के लिये साईकिल, उच्च शिक्षा के लिये आर्थिक सहयोग सहित अन्य योजनाओं ने कन्या को बोझ नहीं सौभाग्य में बदलने का ऐतिहासिक काम किया है उसके साथ ही मातृशक्ति को 1250 रूपये प्रतिमाह देने की योजना से आर्थिक संबल प्राप्त हुआ है । महिलाओं ने नगर के वार्डो में व्यापक जनसंपर्क किये इस दौरान बड़ी सं या में महिलाएँ शामिल रही । महिला मोर्चा एवं जिला भाजपा की नेत्रियों के साथ भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन की पत्नि श्रीमती राय एवं परिवारिक महिलाएँ उपस्थित रही ।

## कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी ने किया जनसंपर्क



सिवनी यशोः-सिवनी विधानसभा के कांग्रेस युवा प्रत्याशी आनंद पंजवानी द्वारा सिवनी विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रो का घर घर जाकर आर्शीवाद लिया एवं 17 तारीख को कॉग्रेस के पक्ष में मतदान कर पंजे की 1 न बर की बटन दबाकर सिवनी में परिवर्तन लाने की अपील की। सिवनी विधायक की निष्क्रियता विधानसभा के प्रत्येक ग्रामों में देखने को मिल रही है, पिछले चुनाव में ग्रामीण जनों से वादे तो बडे बडे किये लेकिन मजीनी स्तर पर ठोस कार्य नही हुए। क्षेत्र के मतदाताओं ने सिवनी विधायक मुनमुन राय के खिलाफ इसी बात का आक्रोश है कि सिवनी क्षेत्र के विकास के लिए कोई कार्य नही किये, क्षेत्र की जनता परिवर्तन चाहती है सिवनी विधानसभा में भाजपा के खिलाफ दोहरा विरोध देखने को मिल रहा है एक विरोध तो शिवराजसिंह द्वारा सिवनी के लिए कुछ नहीं किया और सिर्फ घोषणाएॅ ही की गई, उन पर अमल नही किया गया। दूसरा विरोध सिवनी विधायक मुनमुन राय का है कि उन्होंने भी चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र में सुध नही ली। सुबह से लेकर रात तक आनंद पंजवानी के साथ जनस पर्क करने के लिए जनसैलाब लगातार चल रहा है। आनंद पंजवानी के समर्थन में लोग चर्चा कर रहें है।

## जिला बदर का उल्लंघन करना पड़ा भारी

सिवनी यशोः- पुलिस अधीक्षक महोदय राकेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय गुरुप्रसाद शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी श्री पुरुषोत्तम सिंह मरावी व्दारा आगामी चुनाव एवं आचार संहिता को दृष्टिगत रखते हुये आदतन अपराधियो, निगरानी, गुण्डा बदमाशो के विरूद्ध कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुए है जिसके परिपालन में दिनांक 07/11/2023 को सूचना मिली कि जिला बदर का आरोपी पंकज गोदरे पिता शिवकुमार गोदरे उम्र 25 साल निवासी मेहतरी मोहल्ला सिवनी का अपने घर पर उपस्थित है जिसको घेराबंदी कर पकड़ा गया जो जिला बदर आरोपी दो मामलों में फरार था एवं दो गिर तारी वारंट थे जिसे जिला बदर का उल्लंघन पर कार्यवाही करते हुये आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहाँ से उसे जेल भेजा गया ।

## जबरन नॉलेज




# आदमखोर बाघ का संयुक्त टीम ने किया रेस्‍ यू , दल वन विहार भोपाल के लिए रवाना



सिवनी यशोः- जिले के दक्षिण सामान्य वनमंडल के कुरई परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले गोरखपुर बीट के ग्राम करजमारा के राजस्व वन क्षेत्र से पेंच टाईगर रिजर्व, दक्षिण सामान्य वनमंडल, पुलिस एवं राजस्व के संयुक्त दल ने बुधवार की सुबह आदमखोर बाघ का रेस्‍ यू किया है। जिसे तीन वन्यप्राणियों के चिकित्सक दल व विभागीय टीम द्वारा वन विहार भोपाल ले जाया जा रहा है।

दक्षिण सामान्य वनमंडल के वनमंडलाधिकारी सुदेश महिवाल ने हिस को बताया कि दक्षिण सिवनी (सामान्य) वनमण्डल के कुरई परिक्षेत्र अंतर्गत राजस्व एवं वनक्षेत्र में विगत दो माह में वन्यप्राणी बाघ द्वारा जनहानि एवं जनघायल के प्रकरण घटित हुए थे, जिस कारण ग्रामीणों में भय व्याप्त था। घटित प्रकरणों की गंभीरता को देखते हुए दक्षिण सिवनी (साामान्य)वनमण्डल एवं पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी द्वारा संयुक्त रूप से दल गठित कर क्षेत्र में सतत् गश्ती एवं जन जागरूकता हेतु मुनादी कराया जा रहा था साथ ही वन्यप्राणी बाघ की लोकेशन पता कर उसे रेस्‍ यू करने हेतु प्रयास किये जा रहे थे।

वनमंडलाधिकारी ने बताया कि पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी, सतपुडा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम एवं वाइल्ड लाइफ कंजरवेशन ट्रस्ट के वन्यप्राणी चिकित्सकों का दल गठित कर वन्यप्राणी बाघ के रेस्‍ यू हेतु लगभग एक सप्ताह से प्रयास किया जा रहा था। क्षेत्र में हाथियों एवं वन अमले के विभिन्न दल गठित कर बाघ का अनुश्रवण कार्य किया जा रहा था। इस कार्य में पुलिस एवं राजस्व विभाग का आवश्यक सहयोग प्राप्त हो रहा था।

वनमंडलाधिकारी ने बताया कि बुधवार की सुबह दक्षिण सिवनी (सामान्य) वनमण्डल के कुरई परिक्षेत्र की गोरखपुर बीट अंतर्गत ग्राम करजमारा के राजस्व क्षेत्र में बाघ के उपस्थित होने के प्रमाण प्राप्त होने पर वन्यप्राणी चिकित्सकों के दल द्वारा वन्यप्राणी बाघ को निश्चेत कर सफलतापूर्वक रेस्‍ यू कार्य किया गया। बाघ का शारीरिक परीक्षण करने पर प्रौढ़ नर बाघ जिसके जबड़े के केनाइन दांत टूटे हुए थे पाये गये। बाघ शारीरिक रूप से स्वस्थ पाया गया। रेस्‍ यू उपरांत प्रधान मु य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) भोपाल की अनुमति प्राप्त कर बाघ को वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल भेजा गया है। रेस्‍ यू अभियान मु य वन संरक्षक सिवनी वृत सिवनी एवं क्षेत्र संचालक तथा उप संचालक पेंच टाइगर रिजर्व के मार्गदर्शन में वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) के नेतृत्व में अधीक्षक पेंच मोंगली अ यारण्य, सिवनी, उपवनमण्डलाधिकारी सिवनी, दक्षिण सिवनी वनमण्डल तथा पेंच टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र अधिकारियों तथा वन अमले व सुरक्षा श्रमिकों की उपस्थिति में स पन्न हुआ। इस कार्य में पुलिस, राजस्व अमले एवं स्वास्थ्य विभाग का भी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## बाघ ने महिला को बनाया अपना शिकार

सिवनी यशोः- कुरई क्षेत्र में लगातार बाघ द्वारा मनुष्यों को अपना शिकार बनाया जा रहा है हालांकि जिसे वन विभाग ने आदम खोर बाघ बताया था वह बाघ बुधवार को रेस्क्यु द्वारा पकड़ लिया गया परंतु बाघ के रेस्‍ यु के बाद एक अन्य बाघ ने सांवररीठ के जंगल में एक महिला को अपना शिकार बना लिया । सिवनी जिले के खवासा वन क्षेत्र में खेत पर काम कर रही एक महिला को बाघ ने शिकार बना लिया। इससे महिला की मौत हो गई। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने वन विभाग एवं पुलिस को दी। जहां अमला मौके पर पहुंच गया। रेंजर घनश्याम चतुर्वेदी ने बताया कि आज सांवरीठ बिछुआ गांव में जंगल से लगे खेत में धान काट कर एकत्रित कर रही महिला पर बाघ ने हमला कर दिया।



जब बाघ ने हमला किया तो महिला ने चिल्लाना शुरू कर दिया। चीख पुकार सुनकर खेत में काम कर रहे लोग दौड़े, लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों के शोरगुल के बाद बाघ जंगल लौट गया। सूचना पर वन अमले के साथ ही कुरई थाना प्रभारी लक्ष्मण झारिया व राजस्व अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। शव का पंचनामा तैयार करने के बाद शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की जा रही है। महिला की पहचान किसनी पति कलीराम उइके (47) सांवरीठ गांव निवासी के रूप में हुई है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

## लाड़ली बहना योजना की छठी किस्त भेजने पर भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल ने जताया मु यमंत्री का आभार



केवलारी यशोः- धनतेरस से पहले लाड़ली बहना योजना की किस्त मिलने से केवलारी क्षेत्र की महिलाओं में खुशी है। केवलारी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह ने लाड़ली बहना योजना की किस्त हितग्राहियों तक भेजने के लिए मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार जताया है। अपने जनस पर्क के दौरान लोगों को स बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार जो कहती है वो करती है। प्रदेश सरकार लगातार गांव , गरीब, महिला , आदिवासी सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम कर रही है।

भाजपा विधायक राकेश पाल सिंह ने अपने सैकड़ों समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सुबह दिवराटोला से जनस पर्क की शुरूआत कर मानेगांव, सिघोडी, कतरवाड़ा खमरिया, भालीवाड़ा, चवारमरा, रोसान, गिट्टीखाद्दन, चंदनवाड़ाखुर्द, पोंगार, भाटा, थावरी, रडयाई, चंदनवाड़ाकला, खुर्सीपार, समनापुर, गोंडी हिनोतिया डोकरराजी, बगलाई गांवों का दौरा किया। जनस पर्क के दौरान उन्हें क्षेत्रवासियों का बढ़चढ़ कर सहयोग और समर्थन मिला।

## कांग्रेस विधायक ने विकास की गति को अवरूद्ध किया है - कमल मर्सकोले

### भाजपा प्रत्याशी कमल मर्सकोले का विधानसभ क्षेत्र में सघन चुनावी जनसंपर्क



सिवनी यशोः- कांग्रेस पार्टी ने हमेशा देश और प्रदेशों के विकास में रोड़े अटकाए हैं, उसी का अनुसरण करते हुये बरघाट से कांग्रेस के विधायक बनने के पश्चात अर्जुन काकोड़िया ने किया । बरघाट विधानसभा क्षेत्र ने कांग्रेस का विधायक बनाकर श्री काकोड़िया चुना तो उन्होंने क्षेत्र का विकास करने की अपेक्षा बरघाट के विकास को अवरूद्ध कर दिया और इस क्षेत्र में आपसी भाईचारे को समाप्त करने वाली कुटिल मानसिकता से काम किया समाज के बीच जहर घोलने का काम किया भ्रष्टाचार को बढावा दिया । सनातन धर्म को अपमानित करने का काम किया । भाजपा सरकार की विकासवादी सोच के अनुरूप काम न करते हुये विकास की गति को रोकने का जनविरोधी काम किया है । यह बात बरघाट विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी कमल मर्सकोले ने अपने चुनावी जनसंपर्क के दौरान के आमजनता को संबोधित करते हुये कही । श्री मर्सकोले बरघाट विधानसभा में लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्त्ताओं के साथ जनसंपर्क कर रहे है और भाजपा के समर्थन में वोट मांग रहे है । उन्होंने बुधवार को बरघाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम-आमगांव,सारसडोल,चिखली एवं चरगांव सहित अनेक ग्रामों में जनसंपर्क किया और मतदाताओं एवं परिवारजनों का आशीर्वाद प्राप्त कर 17 नवंबर को कमल के फूल की बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में अपने पक्ष में मतदान की अपील की ।

### मातृशक्ति को भाजपा स मान एवं आर्थिक सामर्थ्य देंगी

श्री मर्सकोले ने कहा कि भाजपा विकास, जनकल्याण और देश का गौरव बढाने वाला राजनैतिक दल है । देश की आधी आबादी मातृशक्ति को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स मान और सशक्त बनाने के लिये योजनाओं के माध्यम से लखपति बनाने के लिये संकल्पित है । वहीं प्रदेश की शिवराज सरकार ने मातृशक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिये लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना प्रारंभ की है । लाड़ली बहना योजना से प्रत्येक महिला 1250 रूपये प्रतिमाह प्राप्त हो रहे है और यह राशि आगामी समय में तीन हजार हो जायेगी परंतु कांग्रेस की सरकार बनी तो यह राशि कांग्रेस सरकार बंद कर देगी । श्री मर्सकोले ने मातृशक्ति से आग्रह किया कि वे भाजपा के पक्ष में एकजुटता से इतना मतदान करें कि कांग्रेस को समझ आ जाये कि जनता जनविरोधियों को पसंद नही करती ।

# मध्यप्रदेश को बीमारु राज्य की श्रेणी से बाहर निकाला है प्रदेश के किसानों ने

प्रह्लाद सबनानी-

भारत में लगभग 60 प्रतिशत आबादी आज भी ग्रामीण इलाकों में निवास करती है एवं इसमें से बहुत बड़ा भाग अपनी आजीविका के लिए कृषि क्षेत्र पर निर्भर है। यदि ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिकों की आय में वृद्धि होने लगे तो भारत के आर्थिक विकास की दर को चार चांद लगाते हुए इसे प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत से भी अधिक किया जा सकता है। इसी दृष्टि से केंद्र सरकार लगातार यह प्रयास करती रही है कि किसानों की आय को किस प्रकार दुगुना किया जाय। इस संदर्भ में कई नीतियों एवं सुधार कार्यक्रमों को लागू करते हुए किसानों की आय को दुगुना किये जाने के भरसक प्रयास किए गए हैं।



अप्रैल 2016 में इस स बंध में एक मंत्रालय समिति का गठन भी केंद्र सरकार द्वारा किया गया था एवं किसानों की आय बढ़ाने के लिए सात स्त्रोतों की पहचान की गई थी, इनमे शामिल हैं, फसलों की उत्पादकता में वृद्धि करना, पशुधन की उत्पादकता में वृद्धि करना, संसाधन के उपयोग में दक्षता हासिल करते हुए कृषि गतिविधियों की उत्पादन लागत में कमी करना, फसल की सघनता में वृद्धि करना, किसान को उच्च मूल्य वाली खेती के लिए प्रोत्साहित करना (खेती का विविधीकरण), किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाना एवं अधिशेष श्रमबल को कृषि क्षेत्र से हटाकर गैर कृषि क्षेत्र के पेशों में लगाना। उक्त सभी क्षेत्रों में केंद्र सरकार द्वारा किए गए कई उपायों के अब सकारात्मक परिणाम दिखाई देने लगे हैं एवं कई प्रदेशों में किसानों के जीवन स्तर में सुधार दिखाई दे रहा है, किसानों की खर्च करने की क्षमता बढ़ी है एवं कुल मिलाकर अब देश के किसानों का आत्मविश्वास बढ़ा है। इस संदर्भ में मध्यप्रदेश में किसानों ने भी आगे बढ़कर प्रदेश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का भरपूर प्रयास किया है।

आज से कुछ वर्ष पूर्व तक मध्यप्रदेश की गिनती देश के बीमारु राज्यों की श्रेणी में की जाती थी। बीमारु राज्यों की श्रेणी में मध्यप्रदेश के अलावा तीन अन्य राज्य भी शामिल थे, यथा, बिहार, राजस्थान एवं उत्तरप्रदेश। इन राज्यों को बीमारु राज्य इसलिए कहा गया था योंकि इन राज्यों में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर बहुत कम थी एवं औसत प्रति व्यक्ति आय बहुत कम होने के चलते गरीबी से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों की सं या भी बहुत अधिक थी। इसके कारण, इन प्रदेशों में अशिक्षा की दर अधिक थी, ग्रामों में चिकित्सा सहित अन्य सुविधाओं का नितांत अभाव था तथा इन प्रदेशों में जनसं या वृद्धि दर भी तुलनात्मक रूप से अधिक थी। कुल मिलाकर, ये प्रदेश कुछ ऐसी विपरीत परिस्थितियों में फसें हुए थे कि इन प्रदेशों में विकास की दर को बढ़ाना बहुत ही मुश्किलों भरा कार्य था, इसलिए इन्हें बीमारु राज्य बोला जाता था।

मध्यप्रदेश की आर्थिक व्यवस्था भी मु य रूप से कृषि क्षेत्र पर आधारित है। प्रदेश में लगभग दो तिहाई आबादी ग्रामों में निवास करती है एवं यहां लगभग 54 प्रतिशत जनसं या अपनी आजीविका के लिए कृषि क्षेत्र पर निर्भर है। वर्ष 2005-06 से 2014-15 के दौरान मध्य प्रदेश ने कृषि के क्षेत्र में औसतन 9.7 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्जित की है। इसके बाद के 5 वर्षों के दौरान तो कृषि क्षेत्र में औसत विकास दर बढ़कर 14.2 प्रतिशत प्रतिवर्ष की रही है। यह पूरे देश में सभी राज्यों के बीच कृषि क्षेत्र में अर्जित की गई सबसे अधिक विकास दर है।

आज मध्य प्रदेश कई उत्पादों की पैदावार में देश में प्रथम स्थान पर आ गया है। उदाहरण के तौर पर, संतरा (देश के कुल उत्पादन में मध्य प्रदेश का हिस्सा लगभग 30 प्रतिशत है), चना (लगभग 45 प्रतिशत), सोयाबीन (लगभग 57 प्रतिशत), लहसुन (लगभग 32 प्रतिशत) एवं टमाटर (लगभग 16 प्रतिशत) के उत्पादन में मध्य प्रदेश, पूरे देश में, प्रथम स्थान पर आ गया है। दलहन और तिलहन उत्पादन में भी क्रमशः 24 प्रतिशत एवं 25 प्रतिशत के योगदान के साथ मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।

इसी प्रकार, गेहूं (लगभग 19 प्रतिशत), प्याज (लगभग 15 प्रतिशत), हरा मटर (लगभग 20 प्रतिशत), अमरूद (लगभग 14 प्रतिशत) एवं मक्का (लगभग 12 प्रतिशत) के उत्पादन में मध्य प्रदेश, पूरे देश में द्वितीय, स्थान पर आ गया है। साथ ही, धनिया (लगभग 19 प्रतिशत), लाल मिर्ची (लगभग 7 प्रतिशत), सरसों एवं दूध के उत्पादन में मध्य प्रदेश, पूरे देश में, तीसरे स्थान पर आ गया है। कुल मिलाकर भारत के कुल खाद्यान उत्पादन में मध्यप्रदेश लगभग 7.7 प्रतिशत का योगदान देता है। खाद्य पदार्थों के उत्पादन के मामले में उत्तरप्रदेश के बाद आज मध्यप्रदेश पूरे देश में दूसरे न बर पर है।

मध्यप्रदेश सरकार ने दरअसल ग्रामीण क्षेत्रों में कई प्रकार की सुविधाएं किसानों को उपलब्ध करायीं हैं जिसके कारण कृषि के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने चहुंमुखी विकास किया है। सबसे पहिले तो सिंचाई की सुविधाओं को वृहद स्तर पर गावों में उपलब्ध कराया गया है। मध्यप्रदेश में वर्ष 2000-01 में सिंचाई सुविधाओं का औसत 24 प्रतिशत था, जो कि राष्ट्रीय स्तर के औसत 41.2 प्रतिशत से बहुत ही कम था। परंतु मध्यप्रदेश की सरकार के इस क्षेत्र में मिशन मोड में काम करने के कारण सिंचाई सुविधाओं का औसत स्तर वर्ष 2014-15 में बढ़कर 42.8 प्रतिशत हो गया जो राष्ट्रीय औसत के 47.8 प्रतिशत के काफी करीब पहुंच गया। आज तो यह औसत और भी अधिक आगे आ गया है और प्रदेश में सिंचाई क्षमता 47 लाख हे टेयर से अधिक हो गई है। साथ ही, किसानों के फसल की बुआई एवं कटाई करते समय जब जब बिजली की आवश्यकता होती है, उसे प्राथमिकता के आधार पर सही समय पर उपलब्ध कराई जाती है। आज तो मध्यप्रदेश के अधिकतर गावों में लगभग 24 घंटे बिजली उपलब्ध है। इन सबके ऊपर, प्रदेश के सारे गावों को सभी मौसमों में 24 घंटे उपलब्ध रोड के साथ जोड़ दिया गया है। मध्यप्रदेश में आज सड़कों की ल बाई 5 लाख किलोमीटर से अधिक हो गई है। साथ ही साथ, गेहूं की खरीद पर प्रदेश सरकार की ओर से विशेष बोनस किसानों को उपलब्ध कराया गया है, जिसके चलते किसान गेहूं की फसल को बोने की ओर प्रेरित हुए हैं एवं गेहूं के उत्पादन में मध्यप्रदेश पूरे देश में द्वितीय स्थान पर आ गया है। कृषि उत्पादों की भंडारण क्षमता में भी मध्यप्रदेश ने अभूतपूर्व प्रगति की है, जिसके चलते इन उत्पादों के नुकसान में काफी कमी देखने में आई है।

मध्यप्रदेश में विभिन्न कृषि उत्पादों की फसल बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्तर पर उत्पाद विशेष के समूह विकसित किये गए हैं, जिसके चलते उस उत्पाद विशेष का उत्पादन इन जिलों में बहुत तेजी से बढ़ने लगा है। जैसे, मंदसौर, नीमच, राजगढ़, शाजापुर, देवास, सिहोर आदि जिलों में संतरे की खेती को प्रोत्साहन दिया गया है। अमरूद की खेती बढ़ाने के उद्देश्य से मुरेना, श्योपुर, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, सिहोर, सागर, विदिशा, आदि जिलों में समूह विकसित किए गए हैं। इसी प्रकार, केला के उत्पादन के लिए, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वाह, खंडवा, हरदा, धार, आदि जिले विकसित किए गए हैं।

आलू के उत्पादन हेतु मुरेना, ग्वालियर, शिवपुरी, राजगढ़, शाजापुर, उज्जैन, इंदौर, देवास आदि जिलों में समूह बनाए गए हैं। हरे मटर का उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से ग्वालियर, दतिया, सागर, जबलपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा आदि जिलों में समूहों का गठन किया गया है। इसी प्रकार, लाल मिर्ची, धनिया, लहसुन, आम, अनार, प्याज, टमाटर, आदि उत्पादों हेतु भी प्रदेश के विभिन्न जिलों को उस फसल के समूह के तौर पर विकसित किया गया है। इस पद्धति के चलते भी प्रदेश में इन फलों, सब्जियों आदि का उत्पादन बहुत तेज गति से आगे बढ़ा है।

मध्यप्रदेश न केवल उत्पादन के मामले में बल्कि कृषि उत्पादों के निर्यात के मामले में भी चहुमुखी तरक्की की है। मध्यप्रदेश में उत्पादित शरबती गेहूं तो आज पूरे विश्व में अपनी धाक जमा चुका है। इसी प्रकार, मध्यप्रदेश में उत्पादित फलों एवं सब्जियों यथा, संतरे, आम, अमरूद, केला, अनार, प्याज, टमाटर, आलू, मटर, लहसुन, लाल मिर्ची, धनिया, सोयाबीन, चना, आदि की मांग अब वैश्विक स्तर पर होने लगी है। मध्यप्रदेश से समस्त उत्पादों का निर्यात 65,000 करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया है।

विश्व में मु यतः पश्चिमी राष्ट्रों ने सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर तेज करने के लिए औद्योगिक विकास का सहारा लिया है। अर्थशास्त्र में ऐसा कहा भी जाता है कि कृषि क्षेत्र के विकसित अवस्था में आने के बाद औद्योगिक विकास एवं सेवा क्षेत्र के सहारे ही सकल घरेलू उत्पाद में तेज वृद्धि दर्ज की जा सकती है। परंतु, मध्यप्रदेश राज्य ने एक अलग ही राह दिखाई है एवं कोरोना महामारी के पूर्व के खंडकाल में लगातार 5 वर्षों के दौरान कृषि क्षेत्र में 14 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर अर्जित कर अपने सकल घरेलू उत्पाद में तेज गति से वृद्धि दर्ज करने में सफलता पाई है। मु यतः कृषि क्षेत्र में की गई प्रगति के सहारे ही मध्यप्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2019-20 में बढ़कर 9.37 लाख करोड़ रुपए का हो गया है। प्रति व्यक्ति आय भी अब बढ़कर 140,000 प्रति वर्ष हो गई है। मध्यप्रदेश की सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर विगत 10 वर्षों के दौरान राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर से अधिक ही रही है।

कुल मिलाकर मध्यप्रदेश ने कृषि क्षेत्र में अतुलनीय विकास के लिए आधारभूत ढांचा खड़ा किया है, जिससे किसानों को अपनी फसल को उगाने से लेकर बाजार में बिक्री करने तक, बहुत आसानी हो रही है। मध्यप्रदेश राज्य का पूंजीगत खर्च वर्ष 2007 में केवल 6,832 करोड़ रुपए का रहा था जो इस वर्ष बढ़कर 56,000 करोड़ रुपए का होने जा रहा है।

## नाबालिग बहन से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 5 साल की सजा

**पॉ सो कोर्ट ने 6000 का जुर्माना भी लगाया**

जबलपुर के रांझी थाना क्षेत्र में नाबालिग बहन से छेड़छाड़ कर चाकू से हमला करने वाले आरोपी सूरज को अदालत ने दोषी करार दिया है। पॉ सो के विशेष न्यायाधीश ने आरोपी सूरज कालूनके को पांच साल के सश्रम कारावास व साढ़े छह हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया कि गया कि पीड़िता ने 18 दिसंबर 2020 को रांझी थाने में शिकायत दर्ज करायी थी। जिसमें उसने बताया था कि घटना दिनांक को उसकी दादी दुकान सामान लेने गई थी। उसी समय उसके रिश्ते के बड़े पापा का बेटा सूरज आया और उसके साथ अश्लीलता करने लगा। जब उसने चिल्लाया तो उसके साथ मारपीट की, जब वह बाहर की ओर भागी तो आरोपी ने चाकू से मारना शुरू कर दिया। चाकू से उसके बाय आंख व सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटे आई।

## इंदौर में नव मतदाता जागरुकता कार्यक्रम हुआ आयोजित, सैंकड़ों विद्यार्थी हुए शामिल

इन्दौर। उंगली पर सजाएंगे लोकतंत्र' अभियान के तहत इंदौर इंटरनेशनल कॉलेज द्वारा हस्र् के तत्वावधान में नव मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरुक किया गया। हिंदी भाषा के प्रचारक एवं साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश द्वारा पुरुस्कृत डॉ. अर्पण जैन 'अविचल के मु य आतिथ्य में आयोजन हुआ, जिसमें लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस दौरान डॉ. जैन ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों के समक्ष मतदाता के अधिकार व कर्त्तव्य की व्या या तथा महत्त्व पर प्रकाश डाला। साथ ही प्रत्येक विद्यार्थी को मतदान करने के लिए प्रतिबद्ध किया। वहीं, कवि पारस बिरला ने मतदान के महत्त्व को कविता के रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के बाद मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन हुआ, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पोस्टर्स व नारों द्वारा सभी विद्यार्थियों ने मतदाता



जागरुकता की बात कही।

**ये लोग हुए शामिल**

कार्यक्रम में महाविद्यालय के मैनेजिंग डायरे टर अक्षांशु तिवारी, एकेडमिक डायरे टर डॉ. विकास जैन, डॉ. मंजीत कौर अरोरा (प्राचार्या, ढ्ढढ्ढष्ट कॉलेज), डॉ. सुरेंद्र असाटी (प्राचार्य, ढ्ढढ्ढष्ट लॉ कॉलेज), प्रोफ़े. पूर्णिमा जपथापि (प्राचार्या, IIC नर्सिंग कॉलेज), NCC कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आकांश सिंह समेत समस्त स्टाफ मौजूद था। वहीं, डॉ. मंजीत कौर अरोरा (प्राचार्या, IIC कॉलेज ), डॉ. सुरेंद्र असाटी (प्राचार्य, IIC लॉ कॉलेज) ने अतिथि स मान प्रेषित किया। जिसके बाद प्रो. पूर्णिमा जपथापि (प्राचार्या, IIC नर्सिंग कॉलेज) ने धन्यवाद प्रेषित किया एवं कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. नीता रघुवंशी एवं खेल अधिकारी राहुल चित्रे ने किया।

## इंदौर में जमकर गरजी प्रियंका गांधी

इंदौर। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी लगातार प्रदेश में सक्रियता बनाई हुई हैं. मालवा-निमाड़ क्षेत्र की विधानसभा सीटों पर मतदाताओं को साधने के लिए वो लगातार जनसभाएं कर रही हैं. सोमवार को इंदौर के रोबोट चौराहे पर सभा के बाद आज इंदौर के सांवेर विधानसभा क्षेत्र में उन्होंने सभा की.

प्रियंका गांधी ने हर हर महादेव के नारे के साथ इंदौर की धरती को नमन किया. प्रियंका ने सांवेर के उल्टे हनुमान मंदिर का जिक्र करते हुए राम कथा का प्रसंग सुनाया और कहा सांवेर आकर यह कहना जरूरी है कि आपने 2018 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार चुनी थी, जिसे छल करके गिरा दिया गया. जिस तरह से अहिरावण ने भगवान राम और लक्ष्मण के साथ छल किया, ठीक वैसा ही आपके साथ हुआ.

प्रियंका ने आगे कहा सांवेर की धरती से छल शुरू हुआ था. सांवेर से




भाजपा प्रत्याशी तुलसी सिलावट का नाम लिए बिना प्रियंका गांधी ने कहा कोरोना के समय जब स्वास्थ्य मंत्री के ऊपर लोगों के स्वास्थ की जि मेदारी थी. उस समय वह सरकार की सौदेबाजी कर रहे थे. उन्होंने सरकार में मिलावट का काम किया है. प्रियंका गांधी ने कहा हर नेता की सेहत के लिए अच्छा होता है कि थोड़े दिन राजनीति से बाहर रहे. सांवेर की जनता से कहा तुलसी घर बैठेंगे तब उन्हें सबक मिलेगा.

**कमलनाथ ने अपने भाषण में किया रामायण का जिक्र**

मध्य प्रदेश के पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा बीजेपी के पास सिर्फ 7 दिन और बचे हैं. हनुमान जी की जय के साथ कमलनाथ ने बोला सांवेर का संबंध रामायण के समय से है. सांवेर गद्दारी का प्रतीक है योंकि यहां के भाजपा उ मीदवार और प्रदेश मंत्री छल करके भाजपा में शामिल हुए और जनता के साथ विश्वासघात किया. उन्होंने कहा सबका हिसाब होगा और कांग्रेस सबका हिसाब करेगी.

**पीएम पर भी साधा निशाना**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा 10 साल से मोदी जी की सरकार है और वो विपक्ष से पूछते हैं कि 70 साल से कांग्रेस ने या किया. मुझे पता नहीं कि मोदी जी कॉलेज गए कि नहीं, लेकिन उनकी एंटायर पॉलिटि स की मार्कशीट कांग्रेस के समय में बनी है.

**सिंधिया समर्थक हैं सिलावट**

सांवेर से भाजपा प्रत्याशी और प्रदेश सरकार में मंत्री तुलसी सिलावट ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक हैं. साल 2020 में जब सिंधिया ने कांग्रेस का साथ छोड़ बीजेपी का दामन थाम लिया था. उसी समय सिलावट भी दलबदल कर बीजेपी में शामिल हो गए थे. इसके बाद से वह शिवराज सरकार में मंत्री बने हुए है. कांग्रेस ने उनके खिलाफ इस विधानसभा चुनाव में रीना बौरासी को मैदान में उतारा है, जिसके समर्थन में प्रियंका गांधी और कमलनाथ जनसभा में शामिल हुए.

## कोरोना में घर से गायब हुआ युवक 3 साल बाद बाजरे के खेत में मिला

ग्वालियर। देश में एक तरफ जहां त्योहार का मौसम है। लोग खुशियां मना रहे हैं। ग्वालियर के एक परिवार की ये खुशियां इस त्योहार सीजन में दोगुनी हो गई हैं। दरअसल, ग्वालियर के इस परिवार को साढे तीन साल बाद खोया हुआ बेटा मिल गया है। ग्वालियर पुलिस ने कड़ी मेहनत के बाद युवक को परिवार से मिलवाया है। पुलिस के इस मानवीय चेहरे की सभी जगह प्रशंसा हो रही है।




**कोरोना से पहले लापता हुआ था युवक**

मामला ग्वालियर की बेहट थाना क्षेत्र के घुसगुंवा गांव का है। जहां राजेश कुशवाहा के बाजरे के खेत में बीते 2 नवंबर को एक डरा सहमा लड़का मिला था। जो ना किसी से बात कर रहा था और ना ही अपने बारे में किसी को बता रहा था। देखने में दिमाग से थोड़ा कमजोर भी लग रहा था। स्थानीय निवासियों ने इस बात की सूचना थाने में दी। थाना प्रभारी सुरेश कुशवाहा मौके पर पहुंचे और युवक को लेकर थाने आ गए। जहां उसे नहला धुला कर नए कपड़े पहनाए। अपने साथ हो रहे इस प्यार भरे व्यवहार से बालक बेहद खुश हुआ और थोड़ी बातचीत करने लगा। पुलिसकर्मियों ने युवक को भोजन कराया तो बातचीत के दौरान उसने अपना नाम प्रद्युमन पासवान बताया और पिता का नाम विजय पासवान बताया।

धीरे-धीरे बातचीत और प्यार भरे व्यवहार के सहारे पुलिस ने जब युवक से उसके बारे में पूछा तो उसने बताया कि उसे कुछ विशेष याद नहीं है, लेकिन कोई गाड़ी उसे मुरैना से यहां पर छोड़ गई है। वह उत्तर प्रदेश गोरखपुर का रहने वाला है। जहां उसके गांव का नाम गोरावर गांव है। पुलिस के लिए इतनी जानकारी काफी थी।

**तत्काल पुलिस ने लिया ए शन**

बेहट एसडीओपी संतोष पटेल ने बताया कि युवक के मिलने की सूचना हमने वरिष्ठ अधिकारियों को भी दी थी। जिनके निर्देश पर हमने युवक द्वारा बताए गए गांव के सरपंच का नंबर निकालकर उनसे बात की लेकिन सरपंच ने व्यक्तिगत दुश्मनी के चलते युवक के घर वालों को युवक के मिलने की सूचना नहीं दी। लेकिन पुलिस भी पीछे कहां रहने वाली थी। उन्होंने बालक को स्वर्ग सदन नाम की संस्था में रुकवाया। जहां उसका अच्छा याल रखा गया। स्वर्ग सदन एक बड़ी संस्था है, जिसकी अन्य प्रदेशों में भी शाखाएं हैं। तो उन्होंने अपनी गोरखपुर की शाखा से बातचीत कर इस युवक के घर परिवार के बारे में पता किया। घर वालों तक युवक के मिलने की सूचना भिजवाई गई। इन सब प्रक्रिया में लगभग 5 दिन का समय लगा और पांचवें दिन युवक के मामा, भाई और चाचा उसे लेने के लिए ग्वालियर पहुंचे।

**खो चुके थे उ मीद, छलके आंसू**

मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक को लेने आए परिजनों ने बताया कि उसके एक भाई की मौत ऐ सीडेंट में हो चुकी है। मानसिक रूप से विक्षिप्त इस युवक के मिलने की वे सारी उ मीदें खो चुके थे। हालांकि जब बालक को हष्ट-पुष्ट और हंसता हुआ देखा। तो अपनी आंखों से छलकते हुए आंसुओं को भी रोक नहीं पाए। उन्होंने बताया कि 2020 में कोरोना के लॉकडाउन लगने से पहले ही युवक किसी तरह से गायब हो गया था। जिसकी काफी तलाश की गई, लेकिन सिर्फ निराशा ही हाथ लगी। उन्होंने ग्वालियर पुलिस और आश्रम स्वर्ग सदन की टीम को शुभकामनाओं के साथ धन्यवाद भी दिया।

## जबलपुर में एक के बाद एक सात दुकानों के शटर तोड़कर चोरी

जबलपुर । गढ़ा थाना क्षेत्र में बाइक पर आए चोरों ने आतंक मचाया। इलाके में घूम-घूमकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। दुकानों की ताले तोड़े और चोरी की। एक के बाद एक सात दुकानों के शटर तोड़कर चोरी की गई। दो बाइक पर छह आरोपित थे। इनमें से तीन चोर जहां तकवारी कर रहे थे, वहीं तीन दुकानों में घुस रहे थे। आरोपितों ने घूम-घूम कर वारदातों को अंजाम दिया, लेकिन पुलिस को एक भी चोरी की भनक नहीं लग पाई। मंगलवार सुबह जब व्यापारियों ने दुकान के ताले टूटे देखे, तो वे नाराज हो गए। पुलिस ने अन्य मामलों की तरह एफआइआर दर्ज कर जल्द गिर तारी का भरोसा दिया।



**सभी के चेहरों पर नकाब पहने हुए थे**

दो बाइकों में छह चोर रात ढ़ाई बजे गढ़ा पहुंचे। सभी के चेहरों पर नकाब पहने हुए थे। आरोपितों ने पहले गढ़ा बाजार में राजीव मेडिकल स्टोर की शटर तोड़ी। दो आरोपित दुकान के बाहर खड़े निगरानी कर रहे थे। वहीं तीन अंदर घुसे और ड्राज से लगभग 20 हजार रुपये व अन्य सामान चोरी किया। इसके बाद चोर गढ़ा के ही रमेश किराना और फिर पंडा की मढिया के पास स्थित डॉ. एनके साहू के लिनिक में पहुंचे और वहां की भी शटर तोड़कर अंदर घुसे और ड्राज में रखी नकदी गायब कर दी। दो जगह चोरी के बाद आरोपित पिसनहारी की मढ़िया के पास अभिषेक अरिहंत ट्रेडर्स पहुंचे। इस दुकान का भी शटर तोड़ा। वहां भी तीन आरोपित दुकान के भीतर घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

**सड़क पर व्यापारियों की भीड़ जमा हो गई**

चोरी की इन वारदातों से व्यापारी नाराज हो गए। सड़क पर व्यापारियों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस की पेट्रोलिंग और रात्रि गश्त का विरोध शुरू कर दिया गया। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा क्षेत्र में न तो नियमित गश्त की जाती है और न ही चैक प्वाइंट लगाए जाते हैं। पुलिस ने अन्य मामलों की तरह एफआइआर दर्ज कर जल्द गिर तारी का भरोसा दिया।

# जिले में लगातार जारी है मतदाता जागरूकता गतिविधियां

सिवनी यशोः- विधानसभा निर्वाचन को लेकर जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां मैदानी स्तर पर सतत् रूप से जारी है।जिला प्रशासन द्वारा कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में सभी वर्गो के मतदाताओं को जोडते हुये आगामी 17 नव बर को अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे है।

इसी क्रम में श्रम विभाग द्वारा जिले में संचालित कारखानों, दुकानों तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठनों में संपर्क कर संचालकों को मतदान दिवस 17 नव बर को श्रमिको के लिये अवकाश घोषित करने के निर्देश दिये जा रहे हैं। इसी तरह उपस्थित श्रमिकों को भी मतदान के लिये प्रेरित करने की कार्यवाही की जा रही है तथा मतदान की शपथ दिलाते हुये अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प दिलाया जा रहा है।

मैदानी दल द्वारा भी भ्रमण करते हुये सभी वर्गो के मतदाताओं से संपर्क कर चर्चा- परिचर्चा द्वारा मतदान के लिये प्रेरित करने की कार्यवाही की जा रही है। स्कूल, कॉलेजों में भी मतदाता जागरूकता गतिविधियां विभिन्न प्रतियोगिताओ के माध्यम से जारी है। स्कूल कॉलेजों में वाद-विवाद प्रतियोगिता, रंगोली, मानव श्रृंखला जैसी मतदाता जागरूकता गतिविधियां लगातार जारी है।

# चुनाव के समय भाजपा को याद आते है व्यापारी - कांग्रेस

सिवनी यशोः- व्यापारियों का सबसे अधिक अहित करने वाली भाजपा का चुनाव के समय व्यापारी प्रेम जाग गया है। नगर कांग्रेस व्यापारी प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि भाजपा के लोग यह भलीभाँति जानते है कि पूरा व्यापारी वर्ग भाजपा की गलत नीतियों के कारण बहुत प्रताड़ित है। अपने आपको व्यापारियों की पार्टी कहने वाली भाजपा ने व्यापारी वर्ग को कही का नहीं छोड़ा, जटिल जीएसटी एवं मनमाना कर एवं नोट बंदी से कई व्यापारियों ने परेशान होकर अपने धंधे बंद कर दिये। व्यापारियों पर अधिकारियों को मनमानी करने के लिए छोड़ दिया,



18 वर्षो के शासन में मु यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने व्यापारियों की कमर तोड़कर रख दी है। कमलनाथ जी एवं दिग्विजय सिंह जी के नाम पर विधवा विलाफ करने वाली भाजपा सिवनी जिले में भाजपा के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और सिवनी के साथ भेदभाव करने वाले शिवराज सिंह चैहान की नाकामी के लिए उन्हें दोष` यों नही देती। बड़ी रेल लाईन का काम 2018 में पूर्ण हो जाना था भाजपा के सिवनी के सांसद, विधायक की नाकामी के चलते 5 वर्ष बाद पूर्ण हुआ, सिवनी से जितनी पैसेंजर टेऽ्न सिवनी से चलना चाहिये था उतनी टेऽ्नो का संचालन सिवनी से नही करा सकें। आज तक सिवनी को एक ट्रांसपोर्ट नगर नही दे सके, जिससे व्यापारियों को माल ढुलाई में राहत मिल सकें। श्री अग्रवाल ने आगे बताया कि सिवनी नगरपालिका में पिछले 18 वर्षो से भाजपा का शासन रहा, करो में 300 से 400 सौ गुना वृद्धि की गई। भाजपा ने फुटकर -फुटपाथ व्यावसायियों को भी नही छोड़ा, पहले घोषणा की कि अस्थायी दखल बैठक बाजार वसूली माफ कर देंगे बाद में आदेश जारी हुआ कि फुटकर, फुटपाथ व्यवसायियों से वार्षिक, अर्धवार्षिक शुल्क वसूल की जाये। नगरपालिका स्वामित्व की भूमि की लीज एवं नामांतरण के लिए व्यापारियों द्वारा भाजपा शासित नगरपालिका को कई आवेदन दिये किन्तु अर्थलोलुप्ता के चलते व्यापारियों की एक नहीं सुनी गई, भाजपा के व्यापारियों द्वारा ही जिला कले टर एवं कई जगह शिकायत की गई कि लीज नामांतरण के लिए भाजपा का नगरपालिका अध्यक्ष पैसे की मांग कर रहा है, भाजपा के व्यापारियों को ही यह मामला माननीय उच्च न्यायालय तक ले जाना पड़ा जो अभी तक लंबित है।

श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि नगरपालिका स्वामित्व भूमि की लीज नामांतरण की बात तो छोड़िए लोगो के निजी भवन भूमि के लगभग 500 सौ प्रकरण भाजपा शासित नगरपालिका में लंबित थे। कांग्रेस की परिषद बनने के एक वर्ष के अंदर निजी भवन भूमि के लगभग 350 सौ प्रकरणो का नामांतरण किया गया है। राजकुमार पंजवानी के नगरपालिका अध्यक्ष रहत हुये किसी व्यापारी को कभी भी परेशानी का सामना करना नही पड़ा` यों कि उनके सबसे ज्यादा संबंध व्यापारियों से थे, पंजवानी के रहते हुये नगरपालिका में व्यापारियों के काम सरलता से हुये। भाजपा जितना झूठ, दिखावा, पाखंड एवं ढोंग करती है इसका कोई भी उनका मुकाबला नहीं कर सकता।

# ÷हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेद÷ थीम पर आयोजित की जा रही गतिविधियां

## 10 नव बर को मनाया जायेगा राष्ट्रीय आयुर्वेदिक दिवस

सिवनी यशोः- जिला आयुष अधिकारी सिवनी डॉ.यशवंत माथुर ने बताया कि 10 नवंबर 2023 को 8 वां राष्ट्रीय आयुर्वेदिक दिवस मनाया जायेगा। जिसके परिपेक्ष्य में ÷हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेद÷ थीम अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा प्रतिदिन जिले के स्कूलों एवं ग्रामों में आयुर्वेद जागरूकता व्या यान दिया जा रहा है। व्या यान के माध्यम से आयुष चिकित्सकों सभी को दैनिक दिनचर्या, ऋतुचर्या, योग व आयुष आहार-विहार की जानकारी दी जा रही है। 08 नव बर को शासकीय प्राथमिक शाला पुलिस लाईन सिवनी, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय ग्राम भिलाई, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लखनादौन, शासकीय प्राथमिक विद्यालय पथरिया सहित जिले के अन्य स्कूलों एवं ग्रामों में व्या यान आयोजित किया गया।

# रंगोली , चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सिवनी यशोः- आगामी विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के उद्देश्य से नगर के शासकीय आईटीआई कॉलेज छपारा में स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । प्राचार्य नलिन तिवारी ने बताया कि हमारी भारतीय संस्कृति में व्रत - त्यौहारों व पूजा अनुष्ठानों में रंगोली का विशेष महत्व होता है । यह हमारी परंपरा का प्रतीक है जीवन के रंगों को दर्शाकर मन को खुशहाली से भर देता है। प्रत्येक पर्व रंगोली के बिना अधूरा है ।लोकतंत्र के इस महापर्व पर कॉलेज के छात्र - छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न मनभावन रंगोलियां संस्था परिसर में बनाई गई। इसी के साथ शत प्रतिशत व निष्पक्ष मतदान हेतु छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उद्देश्यापक व सुंदर पेंटिंग बना अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रा रागिनी यादव ने कहा कि मतदान सशक्त लोकतंत्र के लिए नितांत आवश्यक है । छात्र नितिन डेहरिया ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य है।

छात्र आयुष शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र के यज्ञ में मत रुपी आहुति निष्पक्ष व बिना किसी लालच के डालें। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय उइके,रंजना गुप्ता यशवीन ठाकुर,हर्ष सोनी,नीरज उइके,राजकुमार,प्रतिभा सोनी,शालिनी उईके ,राकेश तिवारी ,पी,डी नापित का विशेष योगदान रहा।

# लेखा प्रशिक्षण के लिये आवेदन आमंत्रित

सिवनी यशोः- प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर द्वारा अवगत कराया गया कि संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिये लेखा प्रशिक्षण का नवीन सत्र दिनांक 01-12-2023 से प्रारंभ हो रहा है 7 संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुखों के अधीन कार्यरत नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी जो म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र. सी 3-8/2013/1/3 दिनांक 01 जुलाई 2013 एव परिपत्र क्र. सी-3-15/2014/1/3 दिनांक 26 फरवरी 2015 के अनुसार सहायक ग्रेड- 3 के पद पर नियुक्ति हेतु उल्लेखित अनिवार्य अर्हता पूरी करते हैं एवं सहायक ग्रेड- 3 के पद पर एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी कर ली हो, के आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं ।

उक्त प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र दिनांक 22-11-2023 शाम 5 बजे तक इस कार्यालय मे जमा किये जा सकेंगे 7 उक्त प्रशिक्षण शासकीय कर्मचारियों के लिये निशुल्क है एवं अर्धशासकीय, निगम, मंडल एवं निकाय के कर्मचारियों को म.प्र. शासन द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क 2,000/- का चालान सत्र में प्रवेश होने पर अनिवार्य रूप से जमा करना होगा ।

# खाद्य पदार्थों की गुणवंत्ता की जांच के लिये गये नमूने

सिवनी यशोः-/ कले टर श्री क्षितिज सिंघल द्वारा मानव स्वास्थय को लेकर त्यौहारों के मद्देनजर मिठाइयों, मावे एवं अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट की स भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए, अमानक खाद्य पदार्थो के विक्रय की रोकथाम लगाने एवं ऐसी सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही सुनिश्चित करने संबंधी निर्देशों के परिपालन में खाद्य विभाग के जांच दल द्वारा सतत खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता जांच की जा रही है।

इसी क्रम में तहसील छपारा, केवलारी एवं सिवनी स्थित विभिन्न होटलों, जलपान गृह और किराना दुकानों का औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच हेतु नमूना लिया गया। मेसर्स उत्तम स्वीट्स से मगज का लड्डू एवं पेड़ा का नमूना एवं हरि ओम स्वीट्स से मावा, जलेबी, सल्लू स्वीट्स से कुंदा पेड़ा, ग्राम झगरा निवासी दुध विक्रेता बबलू ठाकुर से दूध, खोवा



नवीन खोवा भंडार से दूध खोवा, सोनी होटल से खोवा एवं कुंदा, जोधपुर मिष्ठान भंडार केवलारी से [illegible] काजू कतली और पनीर का नमूना, छपारा स्थित यशपाल ढाबा से पनीर, मेसर्स हरिओम किराना से राजगीर आटा और चिरोंजी दाना, सुरेश किराना छपारा से खड़ा गरम मसाला, फल्लीदना, जैन होटल से दूध बर्फी, कुंदा पेड़ा, पेड़ा का नमूना गुणवत्ता जांच हेतु लिया गया एवं संबंधितों को प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई की कमी एवं अस्वच्छ परिस्थिति में निर्माण, बिना पंजीयन व्यापार करने के कारण खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 की धारा 58, 56 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर धारा 32 के तहत सुधार सूचना पत्र जारी किया गया।

# चलित मतदानदलों के अमले ने वरिष्ठ मतदाताओं एवं दिव्यांगजनों का कराया मतदान

सिवनी यशोः- निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को सुगम एवं सुविधाजनक रूप से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराते हुये जिले में बुधवार 08 नव बर को चलित मतदान दल द्वारा 12 डी फार्म के माध्यम से घर में मतदान की स्वीकृति प्रदान करने वाले मतदाताओं का मतदान कराया गया। चलित दल में शामिल से टर अधिकारी, मतदान दल कर्मी, पुलिस अधिकारी एवं अन्य कर्मियों द्वारा सर्वप्रथम दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान के संबंध में आवश्यक प्रक्रिया से



अवगत कराया गया तथा मतदान की आयोग के निर्देशानुसार पूरी कार्यवाही करते हुये मतदान प्रक्रिया की वीडियाग्राफी करते हुये दिव्यांगजनों एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं का मतदान संपन्न कराया गया।

उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 330 वरिष्ठ मतदाता तथा 144 दिव्यांग मतदाताओं द्वारा फार्म 12 डी प्रस्तुत कर घर पहुंच मतदान की सुविधा की सहमति दी गई थी।

# आईटीआई कॉलेज छपारा में मतदाता जागरूकता गतिविधियां चलाकर नव मतदाताओं को मतदान के लिये किया गया प्रेरित

सिवनी यशोः- आगामी विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के उद्देश्य से नगर के शासकीय आईटीआई कॉलेज छपारा में स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्राचार्य नलिन तिवारी ने बताया कि हमारी भारतीय संस्कृति में व्रत - त्यौहारों व पूजा अनुष्ठानों में रंगोली का विशेष महत्व होता है । यह हमारी परंपरा का प्रतीक है जीवन के रंगों को दर्शाकर मन को खुशहाली से भर देता है। प्रत्येक पर्व रंगोली के बिना अधूरा है ।लोकतंत्र के इस महापर्व पर कॉलेज के छात्र - छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न मनभावन रंगोलियां संस्था परिसर में बनाई गई । इसी के साथ



शत प्रतिशत व निष्पक्ष मतदान हेतु छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उद्देश्यापक व सुंदर पेंटिंग बना अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रा रागिनी यादव ने कहा कि मतदान सशक्त लोकतंत्र के लिए नितांत आवश्यक है । छात्र नितिन डेहरिया ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य है। छात्र आयुष शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र के यज्ञ में मत रुपी आहुति निष्पक्ष व बिना किसी लालच के डालें। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय उइके,रंजना गुप्ता यशवीन ठाकुर,हर्ष सोनी,नीरज उइके ,राजकुमार,प्रतिभा सोनी,शालिनी उईके ,राकेश तिवारी ,पी,डी नापित का विशेष योगदान रहा।

# दिव्यांगजनों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**सारे काम छोड दो, सबसे पहले वोट दो का गुंजा नारा**

सिवनी यशोः- मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम 2023 के अन्तर्गत जिले के सभी वर्ग के मतदाताओं/दिव्यांग मतदाताओं को विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने एवं उन्हे मतदान के प्रति जागरूकता करने के लिए कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार एवं स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री पवार नवजीवन विजय के मागदर्शन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सिवनी द्वारा विगत 07 नव बर को मिशन स्कूल सिवनी मतदाता जागरूकता रैली का




आयोजन किया गया।

उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्री वीरेश सिंह बघेल, द्वारा बताया गया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 में जिला सिवनी में दिव्यांगजनों के मतदान का लक्ष्य शतप्रतिशत पूरा करने के लिए मतदान केन्द्रों को सहज, सरल एवं सुगम बनाया गया हैं। इसी तारत य में मतदाता जागरूकता के लिए दिनांक 07 नव बर 2023 को दिव्यांगजनों द्वारा मिशन स्कूल ग्रांऊड सिवनी से रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर श्री एस.एस.कुमरे, उपसंचालक शिक्षा विभाग सिवनी एवं डां. रामकुमार चतुर्वेदी, जिला स्तरीय दिव्यांग आईकॉन द्वारा किया गया। ततपश्चात् रैली मिशन स्कूल से कचहरी चौक, सर्किट हाऊस, बाहुबली चौक होते हुए स्टेट बैंक के सामने से मिशन स्कूल ग्रांऊड सिवनी मे समापन किया गया।

रैली में सभी वर्ग के दिव्यांगजन, डीपी चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय से एडवोकेट अखिलेष यादव, अन्नपूर्णा मिश्रा, अमन चैबे, दीपक पटले, देवीसिंह निर्मलकर एवं एसएससी शिक्षा महाविद्यालय सिवनी से तान्वी शिवहरे, कृपाजली मिश्रा, निधि चतुर्वेदी, सीमा सिगोतिया, शिवदत्त पंडित, ओ.पी. शरणागत, एस.के. रजक, क्षितिज, आकाश यादव तथा सामाजिक न्याय विभाग एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र से डॉ. मनीषा श्रीवास्तव, सोनम विनोदिया, जयश्री फुलझेले, कौशल प्रसाद सनोडिया, सुनील आवारी, रामानुज पटेल,गणेश सौधिया एवं सादिक मंसूरी शामिल हुये।

# उत्तरप्रदेश के मु यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पन्ना जिले के अजयगढ़ और निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर में जनसभा को किया संबोधित

**योगी आदित्यनाथ**

भोपाल। कांग्रेस स्वंय में एक समस्या है। कांग्रेस समस्या है तो भाजपा समाधान। हम समस्याओं पर नहीं उसका समाधान निकालकर विकास की राह में आगे बढ़ते हैं। यही कारण है कि आज मध्यप्रदेश हो या उत्तरप्रदेश या देश के अन्य राज्य सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहे हैं। यह बात उत्तरप्रदेश के मु यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने पन्ना जिले के अजयगढ़ में भाजपा प्रत्याशी श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अच्छे लोगों की सरकार बनती है तो अच्छा काम होता है और विकास ही विकास होता है। जब खराब सरकार बनती है तो भ्रष्टाचार होता है लोगों पर अत्याचार होता है। कांग्रेस के पास कोई विकास का एजेंडा नहीं है।

**कांग्रेस मध्यप्रदेश को पहचान नहीं दिला पाई**

श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि



कांग्रेस का मध्यप्रदेश में कई साल राज रहा,लेकिन मध्यप्रेदश को पहचान नहीं दिला पाई। भाजपा की सरकार ने बीस सालों में प्रदेश को अग्रणी राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। कांग्रेस के जमाने में किसी ने नहीं सोचा होगा कि पन्ना में भी मेडिकल कॉलेज होगा,लेकिन आज है। अगर जनप्रतिनिधी अच्छा होगा और सरकार अच्छे लोगों की होगी तो विकास को कोई नहीं रोक सकता। श्री योगी ने कहा कि लाडली बहना योजना ने नई लहर देश में पैदा कर दी है। पहले लोग बीमार होते थे तो सब कुछ बिक जाता था,लेकिन आज 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिल रहा है।

**राहुल गांधी को हार का अहसास हो गया**

श्री आदित्यनाथ योगी ने कहा कि फाइनल मुकाबले से पहले सेमीफाइनल के चुनाव में राहुल गांधी को यह अहसास हो गया है कि कांग्रेस बुरी तरह से हार रही है, इसलिए मैदान छोड़कर भाग गये हैं। श्री योगी ने कहा कि अच्छी बात है कि संकट

**कांग्रेस ने राहुल गांधी को फ्री कर केदारनाथ भेज दिया**
**कांग्रेस स्वयं में एक समस्या है**
**कांग्रेस समस्या है भाजपा समाधान**
**कांग्रेस मध्यप्रदेश को पहचान नहीं दे पाई**
**राहुल जी को न तो उनकी पार्टी गंभीरता से लेती है और न ही जनता**
**दिवाली से पहले कांग्रेस से मुक्त होना है**

के समय कांग्रेस के नेता केदारनाथ के दर्शन कर रहे हैं। केदारनाथ, काशी विश्वनाथ की पूरी तस्वीर अब मोदी जी के राज में बदल चुकी है। डबल इंजन की सरकार ने इस काम को तेज गति से किया है।

**हमारा और आपका रिश्ता करीब का**

श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मध्यप्रदेश के कुछ हिस्सों बुंदेलखंड आदि इलाका उत्तरप्रदेश से काफी करीब है। हमारा और आपका रिश्ता भी करीब है। चाहे रिश्तेदारी बात हो या स्वास्थ्य,रोजगार के लिए आना-जाना लगा रहता है। उत्तरप्रदेश में 6 सालों में हर क्षेत्र में विकास हुआ उसका लाभ यहां की जनता को भी होता है।

**गैस सिलेंडर के लिए लोगों को खाना पड़ता था डंडा**

श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस देश में सालों तक राज करने के बाद शौचालय तक नहीं दे पाई, गैस कने शन तक नहीं दे पाई। लोगों को रहने के लिए आवास तक नहीं दे पाई। कांग्रेस राज में तो त्योहारों के सीजन में सिलेंडर के लिए लोगों को पुलिस का डंडा तक खाना पड़ता था। आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के राज में जब चाहो सिलेंडर लिया जा सकता है।

**11 नवंबर को दिया लगाकर कांग्रेस से मुक्ति पानी है**

श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठ समारोह होगा। अयोध्या में 11 नवंबर को दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उस दिन भगवान के सामने एक दिया जलाकर बस कांग्रेस से मुक्ति पाना है औरभाजपा को चुनावों में प्रचंड बहुमत से जिताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मजबूत करना है।

**श्री योगी ने पृथ्वीपुर में भी जनसभा को किया संबोधित**

श्री योगी आदित्यनाथ ने निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर में भाजपा प्रत्याशी डॉ. शिशुपाल यादव और निवाडी से प्रत्याशी श्री अनिल जैन के समर्थन में भी जनसभा को संबोधित किया। श्री योगी आदित्यनाथ योगी ने कहा कि आतंकवाद कांग्रेस की देन है। ने सवाद और उग्रवाद कांग्रेस की देन रही है। कांग्रेस ने हमेशा विकास को रोकने का काम किया है। पिछली बार भी यहां से आपने कमल का निशान चुना था,इस बार भी कमल के निशान पर वोट करके प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाना है।

# रजनीश सिंह की बढ़ती हुई लोकप्रियता से जुड़ रहे युवा



छपारा यशोः-आगामी विधानसभा चुनाव धीरे-धीरे अपने शबाब में आ रहा है केवलारी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर और कांग्रेस प्रत्याशी रजनीश हरवंश सिंह की बढ़ती हुई लोकप्रियता को देखते हुए उनके काफिले में दिनों दिन युवा टीम का इजाफा हो रहा है, विशेष तौर पर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं में रजनीश सिंह की ओर सर्वाधिक झुकाव देखा जा रहा है, इसी के चलते बुधवार को लगभग 10 से 20 युवाओं ने रजनीश सिंह के गृह ग्राम बर्रा पहुंचकर उनकी उपस्थिति में कांग्रेस की सदस्यता ली, वही छपारा नगर में स्थित कांग्रेस कार्यालय में खुर्सीपार के पटेल संजय सिंह एवं छपारा ग्राम पंचायत के पूर्व पंच जयराम सैयाम, पूर्व जिला पंचायत की सदस्य गोमती पटेल के भाई सावन पटेल एवं आकाश ठाकुर सहित युवा साथियों ने बुधवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की,इन सभी को सिवनी के भूतपूर्व विधायक रमेश जैन ने कांग्रेस का दुपट्टा पहन कर सदस्यता दिलवाई। उक्त कार्यक्रम में विशेष तौर पर चंद्रशेखर श्रीवात्री का योगदान रहा साथ कांग्रेस कार्यालय में इस दौरान रजनीश सिंह के भाई बिट्टू सिंह भी उपस्थित रहे इन सभी युवाओं का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने दिल खोलकर स्वागत किया।

## ग्राम साल्हे खुर्द वासियों ने किया विधान सभा चुनावों का बहिष्कार का फैसला

सिवनी यशोः- ग्राम साल्हे खुर्द, बरघाट विधान सभा के वासियों ने चुनाव बहिष्कार का लिया फैसला। यह फैसला इस कारण है की सालेह खुर्द से बरघाट की ओर जाने वाला मार्ग बीते लगभग 10 वर्षो से अधिक समय से बहुत ही खराब हालत में है ग्रामवासियों का कहना है कि कांग्रेस हो या भाजपा दोनों के विधायक आए लेकिन किसी के द्वारा कुछ नहीं किया गया। ऐसी स्थिति में शासन प्रशासन से लेकर सभी पार्टी नेताओं तक अपनी बात पहुंचाने के बावजूद आज तक कोई कार्य होता नजर नहीं आ रहा है। एसी परिस्थिति मे हमें मजबूरन इस पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था का चुनाव के बहिष्कार के माध्यम से बहिष्कार करना पड़ रहा है।

इसके साथ-साथ ग्राम वासियों ने बताया कि ग्रामपंचायत में लगभग 4000 से अधिक जनसं या होने के बावजूद आज तक मौलिक आवश्यकता है जिसमे हाई स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र जैसी मौलिक व्यवस्थाओं की स्थापना प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा नहीं कराई जा सकी है। ऐसी स्थिति में एक नागरिक द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग ऐसे व्यक्तियों के लिए कैसे किया जाए जो उनके काम ही नहीं करते। ऐसी स्थिति में यह केवल एक औपचारिकता बनकर रह गई है जहां नागरिक वोट डालें और अपने नेता का चुनाव करें जहां नेता उसे हर बार दगाबाजी दे जाता है और अपनी पार्टी अपने नजदीकियों के लिए काम करता है।

इसके पूर्व भी 22 सप्टेंबर माह मे ग्राम वासियों द्वारा सिवनी मु यालय पहुंचकर अपनी बात जिला कले टर के समक्ष रखी थी और भविष्य मे चुनाव बहिष्कार कि चेतावनी भी दी थी। सभी स्थितियों को देखते हुए ग्राम वासियों ने निर्णय लिया है कि वह इस बार चुनाव की प्रक्रिया का ही बहिष्कार करेंगे ताकि यह संदेश पार्टियों और जनप्रतिनिधियों तक जाए कि यदि सही व्यक्ति सही तरीके से नागरिकों के काम नहीं करेगा तो नागरिक भी उन्हें अपने स्तर पर जवाब देंगे। आने वाले दिनों में ग्रामवासियों कहना है कि किसी भी पार्टी का कोई भी जनप्रतिनिधि कृपया कर उनके गांव में तभी प्रवेश करें जब वह उनकी समस्याओं का निदान करने में सक्षम हो अन्यथा वे ग्राम से दूरी बनाए रखें।

# अष्ट लक्ष्मी यज्ञ एवं श्रीमद भागवत पुराण के आयोजन को लेकर रवि पुष्य महायोग पर हुई ध्वज स्थापना



मण्डला यशोः- 17 दिसंबर से 25 दिसंबर तक आयोजित होने वाले श्री अष्ट लक्ष्मी यज्ञ एवं श्रीमद भागवत पुराण को लेकर रविवार को ध्वज स्थापना की गई। कार्यक्रम स्थल मेहरे बाबा कुटी प्रागंण में विधि विधान से पूजन अर्चन करते हुए ध्वज स्थापित किया गया। यहां पर कार्यक्रम के मु य यजमान गोवर्धन प्रसाद अग्रवाल व श्रीमति हेमलता अग्रवाल से कथावाचक यज्ञाचार्य पं. नीलू महाराज एवं साध्वी कल्पतरू कल्पना माता जी ने पूजन अर्चन कराया। यहां पर भगवान श्रीगणेश एवं लड्डू गोपाल की आराधना करते हुए आयोजित कार्यक्रम के बारे में उपस्थितजनों को विस्तार से बताया गया। पंडित नीलू महाराज ने कहा कि आज का दिन विशेष शुभ दिन है। रवि पुष्य महायोग के साथ अष्टमी की तिथि में 8 शुभ योग की युति हो रही है ऐसे महायोग में ध्वज स्थापना धर्म और समाज में मानवता की श्रेष्ठता लाएगा। ध्वज स्थापना में शारदात्मानंद जी महाराज रामकृष्ण आश्रम, रामदास जी महाराज सहस्त्राधारा वाले, सच्चिदानंद महाराज सुरंगदेवरी, सच्चिदानंद महाराज नावघाट वाले की उपस्थिति में व सभी यजमानों एवं पवित्र आत्माओं के पावन सान्निध्य में यज्ञ स्थल पर वैदिक मंत्रों से ध्वज स्थापित किया गया। यहां पर उत्कृष्ट योग में नवग्रह के पौधे भी स्थापित किए गए। बता दें यह यज्ञशाला वैदिक पद्यति से निर्मित होगी। 9 कुंडीय यज्ञ शाला में पूर्व द्वार पर शंख, दक्षिण द्वार पर चक्र, पश्चिम द्वार पर गदा एवं उत्तर द्वार पर कमल स्थापित किया जायेगा। वहीं खंभात की खाडी गुजरात से लाए गये अति विशिष्ट श्रीयंत्र का मान सरोवर से लाए गये श्रीयंत्र का अभिषेक होगा और रवि पुष्य योग रविवार से श्रीयंत्र का नित्य अर्चन प्रारंभ हो जायेगा जो यज्ञ पर्यन्त चलेगा। अष्टलक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ में जिस गौर गणेश का पूजन होगा यह गौर गणेश की गोबर की मूर्ति भारत की सबसे बड़ी गौशाला जडखोर राजस्थान की गौशाला से लाई गई है यह गौशाला श्रीकृष्ण की नित्य गौ चरण स्थली है। जहां पर 40 हजार गौवंश है। सप्त मृतिका में उपयोग होने वाली गौ रज श्री सूर श्याम गौ शाला चंद्र सरोवर गोवर्धन उत्तर प्रदेश से लाई गई है। चंद्र सरोवर गोवर्धन से जल और मिट्टी लाई गई है यहां चंद्रमा का प्राकट्य हुआ था। साथ ही मानसी गंगा का जल और श्री राधा कुंड का जल गोवर्धन परिक्रमा मार्ग से लाया गया है। वहीं यजमान के रूप में इंजी. लोकेश बिसेन छिंदवाड़ा, उदय नारायण सचान देवदरा, नीतेश पांडे देवदरा, वेद प्रकाश मिश्रा देवदरा, शैलेश गुप्ता लालीपुर होंगे।

श्रीअष्ट लक्ष्मी महायज्ञ में तीन ध्वज स्थापित किये जायेंगे। यज्ञ में सबसे पहले जल पूजन होगा जल तत्व के सांकेतिक भगवान झूलेलाल हैं भगवान झूलेलाल के परम भक्त चकरघाटा बिलासपुर के श्रीलाल साई 25 दिसंबर को मेहर बाबा कुटी यज्ञ स्थल में आएगें। यज्ञ शाला के अंदर के कलशों में 35 पवित्र नदियों का जल एवं चार समुद्रों का जल एवं 24 तीर्थों की मिट्टी छोड़ी जायेगी जिनमें नैमिसारन्य, काशी, वृंदावन, चारों धाम, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम, द्वारिका, बद्रीका धाम, हरिद्वार, रेवा सागर संगम पुष्कर की मिट्टी प्रमुख हैं। जो यहां यज्ञ के दौरान देखने को मिलेगी। इस महायज्ञ में अनंत श्री स पन्न श्री जगदगुरू शंकराचार्य महाभाग स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ज्योतिष बद्रिकाश्रम पीठाधीश्वर का आगमन होने जा रहा है। जिन्होंने यज्ञ में शामिल होने की अनुमति दी है। मण्डला में पहली बार दो-दो शंकराचार्यो का एक साथ आना महज संयोग है। वहीं तीसरे प्रमाणित पीठ पर प्रतिष्ठित शंकराचार्य को लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नीरज अग्रवाल, आकाश दीक्षित, किशोर रजक, नरेश कछवाहा, ओमकार रजक, रंजीत कछवाहा, राजा यादव, आशीष ज्योतिषी, रोहित बघेल, अनुराग यादव, संजीव ठाकुर, अनुराग यादव, शेरसिंह पन्द्राम पूर्व सरपंच देवदरा, प्रमोद मिश्रा, चन्दू नाभिक, सतीश शु ला, प्रकाश नारायण दुबे, नीलम पांडे, किरण रजक, शिवम दुबे, राजा दुबे, होरी लाल पटैल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेश कछवाहा, सरिता ठाकुर, श्रीमति विद्या दुबे, मोन्टी कछवाहा, नरेश अग्रवाल, रमेश पांडे, डॉ. विजेन्द्र शु ला, राजेश बाजपेयी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन का ग्रामीण क्षेत्रों मे सघंन जनसंपर्क अभियान जारी

### भाजपा सरकार ने आदिवासी समाज के विकास, विरासत एवं संस्कृति को आगे बढाने कार्य किया- मुनमुन



सिवनी यशोः- भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हमेशा आदिवासी समाज का स मान बढ़ाया है आदिवासी समाज की महिला को राष्ट्रपति बनाया। साथ ही हमेशा आदिवासी समाज के हित और कल्याण के लिए काम किया। उनकी विरासत, विकास और संस्कृति को आगे बढ़ने का काम किया। यह बात सिवनी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री दिनेश राय मुनमुन ने चमारी मंडल में चुनावी जनसंपर्क के दौरान आमजनों से कहीं। भाजपा प्रत्याशी श्री दिनेश राय मुनमुन ने आज प्रातः 09ः00 बजे भाजपा मंडल चमारी के अंतर्गत आने वाले ग्राम घुनई से जनसंपर्क अभियान आरंभ कर देवगांव, मटामा, नयेगांव, सूखामाल, ऊंटेकटा, ईमलीपठार, चमारी कलां, चमारी खुर्द, नांदियाकलां, इमलिया, कमली, तेंदनी, बडपानी, भरगा, लाठगांव, ढोंडा, सर्रा, झिरी, बे सी, पहाडी, जोगीवाडा, दरबई, देवरीकलां, छिंदवाह, पौंडी, गुंदरई, नवलगांव, डांगावानी, खटकर, लुडगी, सागर, अंधियारी, पिंडरई एवं ग्राम बंजर मे सघंन जनसंपर्क कर मतदाताओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी श्री दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आदिवासी समाज से झूठ बोलकर उनका फायदा लिया और उन्हें गुमराह कर हमेशा सत्ता हासिल करने का काम किया है। इसलिए उन्होंने आव्हान किया कि आदिवासी समाज कांग्रेस के बहकावे में ना आए और भाजपा के पक्ष में अपना जनसमर्थन देकर आदिवासी समाज, किसान, मातृशक्ति और गरीबो के हितो के संरक्षण को सुरक्षित करें। श्री दिनेश राय मुनमुन ने आगे कहा कि यशस्वी मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के आदिवासी वर्ग को पेसा ऐ ट के माध्यम से जल, जंगल, जमीन का अधिकार प्रदान किया। केन्द्र की मोदी सरकार ने मु त राशन की व्यवस्था कर कोरोना महामारी के संकट से हर गरीब को मदद पहुंचाने का काम किया। गरीबों के सपनों को पूरा करने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हर गांव में प्रधानमंत्री आवास बनाकर उन्हें पक्के घर में रहने का अधिकार दिया। श्री दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी परिवार, समाज से लेकर देश के भविष्य को सुरक्षित एवं उज्जवल बनाने के लिए दिन.रात काम कर रहे हैं। बहनों का स मान करने के लिए प्रदेश में भाजपा सरकार ने लाडली बहन योजना शुरू की माता बहनों का स मान देश में शास्त्रों की दृष्टि से हमेशा होता रहा है लेकिन सरकार की दृष्टि से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने पहली बार योजनाओं के माध्यम सें माता, बहनों का स मान सबसे बड़ी प्राथमिकता के रूप में रखा है। गांव के पढने वाले बच्चे ज्यादा से ज्यादा डॉ टर बने इसके लिए प्रधानमंत्री ने हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की अवधारणा तय की है सिवनी जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापना से सबको स्वास्थ्य लाभ मिल सकेगा। आयुष्मान भारत की योजना संकट में संजीवनी की तरह काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बैगा सहरिया समाज के लिए अलग से योजना बनाई गई है। देश के जनजाति समाज के स मान के लिए 15 नवंबर को जनजाति गौरव स्वाभिमान दिवस प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने घोषित किया है। जनसंपर्क अभियान के दौरान जहां बहनों द्वारा भाजपा प्रत्याशी श्री दिनेश राय मुनमुन का कलश लेकर आगवानी की गयी। तों वही युवाओं द्वारा बाजे गाजे के साथ फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों, जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं, समर्थकों सहित बडी सं या मे ग्रामीण बंधुओं की उपस्थिति रही।

## मु यमंत्री चौहान 10 नवंबर को मण्डला विधानसभा के इंद्री में जनसभा को करेंगे संबोधित

### भाजपा प्रत्याशी श्रीमति संपतिया उइके के समर्थन में मु यमंत्री श्री चौहान लेंगे जनआर्शीवाद



मण्डला यशोः- मण्डला विधानसभा क्षेत्र की भाजपा विधायक प्रत्याशी श्रीमति संपतिया उइके के समर्थन में ग्राम पंचायत इंद्री में आयोजित जनसभा को संबोधित करने प्रदेश के मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का 10 नवंबर को आगमन होगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हेलीकॉप्टर द्वारा 12.10बजे मण्डला विधानसभा के ग्राम पंचायत इंद्री पहुंचेंगे। भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी श्रीमति संपतिया उइके के समर्थन में जनसंपर्क कर इंद्री खेल मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करेंगे एवं भारतीय जनता पार्टी को विजय दिलाने जनता से जनआर्शीवाद लेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान 12.50 बजे इंद्री से बालाघाट जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।

## अवैध परिवहन करते 4 वाहन जब्त



मंडला यशोः- खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए खनिज साधन विभाग द्वारा लगातार कार्यवाहियों की जा रही हैं। जिले की थाना कोतवाली मंडला तथा पुलिस चौकी पिंडरई के अंतर्गत पिछले 3 दिनों में 2 ट्रे टर सहित 4 वाहनों को जब्त किया गया है। जब्त किए गए वाहनों में बिना नंबर के ट्रे टर इंजन ई 3716237 मय ट्राली क्रमांक एमपी 51 एए 1917 तथा बिना नंबर के ट्रे टर इंजन नं. ई 3720408 को जब्त किया गया है। इसी प्रकार ड फर क्रमांक एमपी 51 जी 0286, वाहन 709 क्रमांक एमपी 51 जी 0568 को भी अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। संबंधित वाहनों को जब्त कर शासकीय अभिरक्षा में मध्यप्रदेश खनिज नियम अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण 2022 के तहत कले टर न्यायालय को प्रेषित किया जा रहा है।

## निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारी डाक मतपत्र से करेंगे मतदान

**कले टर ने लिया तैयारियों का जायजा**

मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत निर्वाचन एवं मतदान कार्य में लगे अधिकारी, कर्मचारी डाक मतपत्र से अपना मतदान करेंगे। निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किए जाने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी डाक मतपत्र से मतदान कर सकेंगे। डाक मतपत्र से मतदान के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रं. 2 मंडला में विधानसभावार मतदान केन्द्र बनाए जा रहे हैं। इस संबंध में कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रं. 2 मंडला का निरीक्षण करते हुए तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि विधानसभावार कक्षों का निर्धारण करते हुए उनमें कक्ष क्रं. सहित अन्य आवश्यक सूचनाएं अंकित कराएं। मतदान करने आने वाले कर्मचारियों की सहायता के लिए सुविधा कक्ष सह सहायता केन्द्र स्थापित करें। डाक मतपत्र से मतदान कराने के लिए बनाए गए मतदान दल के सदस्यों का प्रशिक्षण करें। पूरी प्रक्रिया की प्रोटोकॉल के अनुसार वीडियोग्राफी कराएं। कले टर ने केन्द्र में बिजली, पानी, शौचालय सहित अन्य सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कले टर अरविंद सिंह, एसडीएम नैनपुर जेपी यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ईव्हीएम व्हीव्हीपेट का द्वितीय रेंडमाईजेशन संपन्न

मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत इले ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं व्हीव्हीपेट का द्वितीय रेंडमाईजेशन रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा किया गया। कले ट्रेट के गोलमेज सभाकक्ष में संपन्न हुए रेंडमाईजेशन में मंडला एवं निवास विधानसभा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक शाह नवाज चौधरी, बिछिया विधानसभा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक ओइनम सरनकुमार सिंह, कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना, अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कले टर रवि कुमार सिहाग, संयुक्त कले टर अरविंद सिंह, जिला सूचना अधिकारी मधु मिश्रा सहित अ यर्थी अथवा उनके अभिकर्ता

## 632 लीटर शराब जब्त

मंडला यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 से संबंधित सी-विजिल मोबाईल ऐप के इले शन सीजर मेनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) द्वारा आबकारी विभाग एवं एएसएसटी टीम के माध्यम से आज 632 लीटर शराब जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 63 हजार 200 रूपए है। जिला कॉन्टे ट सेल के एनजीआरएस पोर्टल के माध्यम से भी अब तक 164 शिकायत दर्ज की गई है जिनका निराकरण भी कर दिया गया है। इस तरह जिले के चारों तरफ चैकपोस्ट के माध्यम से एफएसटी एवं एसएसटी टीम द्वारा सतत निरीक्षण/निगरानी का कार्य किया जा रहा है।

## उ मेदवारों के वादों मे विकास की उ मीद ढूँढता मंडला

मंडला यशोः- मंडला माँ नर्मदा की गोद मे पलता एक आदिवासी बाहुल्य ज़िला है । एक और जहाँ ज़्यादातर नगर विकास और चकाचोंद मे घुमते जा रहे है वही दूसरी ओर यह ज़िला अपनी प्रकर्तिक विरासत को आज भी संभाले हुये है । यह ज़िला राजनेतिक दृस्टी से तो बहुत महत्वपूर्ण है ही पर शायद विकास की दृस्टी से यह इस ज़िले को यहाँ के राजनेताओ ने उतना महत्वपूर्ण समझा । यही कारण है की यह ज़िला आज भी शिक्षा, सड़क, चिकित्सा जैसी मूलभूत आवश्यक्ताओ के लिये जूझ रहा है । इस ज़िले मे विकास के सारे काम अधूरे पड़े हुए है चाहे बात रेल की हो चाहे बात सड़क की हो और चाहे बात अस्पताल मे डॉ टरो की कमी की हो सारे के सारे के कार्य यहाँ अधूरे ही है ।

एक आदिवासी बाहुल्य ज़िला हमेशा किसी भी सरकार की प्रथम प्राथमिकता मे रहता हैं योकि केंद्र सरकार के साथ ङ्क साथ कई अंतररास्ट्रीय संस्थाये इस ज़िले की विकास और मूलभूत सुविधाओ के लिये कार्य करती है और विकास और आदिवासी कल्याण के लिये बड़ी मात्र मे पैसा सरकार उपलब्ध कराती है पर आज तक भी मंडला ज़िले के हालात देखकर ऐसा नहीं लगता की यहाँ किसी प्रकार का कोई विकास कार्य किया गया है । आज ज़िले के युवा को रोजगार तो छोड़िए शिक्षा के लिये तक पलायन करना पड़ता है । यहाँ इंजीनीयरिंग से लेकर मेडिकल और बीएससी स्पेशल और कोई कोर्सो के लिये ज़िले से बाहर जाना पड़ता है । बात की जाय स्वास्थ्य व्यस्थाओ की तो ज़िले की हकीकत किसी से छिपी नहीं है । यहाँ अस्पताल की बड़ी इमारत होने के बाद भी यहाँ डॉ टर की विशेष कमी है ।

मंडला मे यातायात का विकास एक सपने जेसा लगने लगा है यहाँ सबसे बड़े यातायात विकास के मुद्दे है मंडला जबलपुर मार्ग और दूसरा है रेल मार्ग मंडला जबलपुर मार्ग पिछले 6 सालो से बन नहीं पाया है आज भी उसकी स्थिति बदहाल है । देश मे एक और जहाँ सेकड़ों किलोमीटर की हाइवे महीनों मे बन जा रही है वही यह हाइवे मात्र 63 किलोमीटर का होने के बद भी 6 सालो मे नहीं बन पाया है । बात की जाय रेल्वे के विकास की तो यहाँ के राजनेता मंडला फोर्ट नामक स्टेशन देकर जनता से वाहवाही लूटने मे लगे है जबकि यहाँ से सिर्फ 2 से 3 ट्रेन ही जाती है । रेल्वे किसी भी क्षेत्र के विकास मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है उस हिसाब से यह इस ज़िले के लिये सबसे ज़रूरी है पर वर्तमान समय मे ज़िले मे एक ही जें शन है वो है नैनपुर जें शन वो भी अपनी भोगोलिक स्थिति के कारण स्टेशन बन गया है पर मंडला जैसी जगह जहाँ से बिछिया, घुघरी, मवई , निवास जैसी तहसील जुड़ती है और जहाँ मंडला की 70 प्रतिशत आदिवासी आबादी रहती है अब वह आबादी ही इस रेल सुविधा का फायदा नहीं उठा पा रही तो यहाँ के नेता किस बात की वाहवाही लूट रहे है यह समझ पाना मुश्किल है ।

बस यही मूलभूत आवश्यकताओ के लिये मंडला सालो से भ्रस्ट अधिकारियों और नेताओ लड़ाई लड़ रहा है और इस बार विधान सभा के उ मीदवारो से अपने विकास की उ मीद लगाये बैठा है ।

## संघ की सेवा वस्तियां मैदान में, राष्ट्र मुद्दे पर शत प्रतिशत वोटिंग का लक्ष्य

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा की स्तिथि को भांपते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने मैदान में मोर्चा संभाल लिया है। संघ की सेवा वस्तियां मैदान में उतरकर शत प्रतिशत मतदान अभियान चला रही हैं। इसके तहत मतदाताओं को राष्ट्रहित और राष्ट्र सर्वोपरि जैसे मुद्दे पर वोट करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक इन सेवा वस्तियों के जरिए स्वयं सेवक घर घर पहुंच कर इस अभियान में जुटे हैं। बताया जाता है कि महानगर प्रांत में ही संघ की 3 हजार से अधिक सेवा वस्तियां हैं सिर्फ भोपाल महानगर में ही 400 से अधिक सेवा वस्तियां इस समय में सक्रिय भूमिका में आ कर काम कर रही हैं। इसके साथ ही वनवासी, सेवा भारती और विद्या भारती जैसे संघ के अंग भी अंदरूनी तौर पर राष्ट्र सुरक्षा पर शत प्रतिशत वोटिंग अभियान का प्रचार प्रसार का काम कर रहे हैं।

**संघ ने करवाया सर्वे**

ये पहले मौका है जब संघ ने खुलकर राजनीतिक सर्वे करवाया है। संघ का ये सर्वे 90 से अधिक बिंदुओं पर तैयार करवाया गया है। इसमें विधायक और सरकार से जुड़े विषयों पर आमजन की राय एकत्रित की गई है। इस सर्वे के आधार पर ही संघ ने बीजेपी की कमजोर और मजबूत सीटों का आकलन किया है। अब इसी के आधार पर संघ काम कर रहा है।

**खड़गे ने किया अटैक**

बता दें, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी अपनी चुनावी सभाओं में संघ और ङ्कद्गश्च की जुगलबंदी पर निशाना साध रहे हैं। मंगलवार को भोपाल में खड़गे ने संघ पर अटैक किया था। उन्होंने कहा था कि मध्यप्रदेश संघ की प्रयोगशाला है। संघ और बीजेपी लोगों को तोड़ने और लड़ाने का काम करते हैं।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati.com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझांवाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक- मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297